Government Post Graduate College, New Tehri (Uttarakhand)
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नई टिहरी, उत्तराखण्ड

Phone Number: 01376234964; Fax: 01376 234964; Mobile: 9412077006
E-mail (office): gpgcollegentt@gmail.com ; Email (NAAC): gpgnttnaac@gmail.com

दृष्टि: (VISION)

छात्रों में युगानुकूल ऐसी क्षमता पैदा करना, जिससे वे आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध बन सकें तथा विकास एवं उसमें आने वाली समस्याओं के सन्दर्भ में स्थानीय, राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में विश्लेषण कर मूल्य–आधारित समाज का निर्माण और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान कर सकें।

लक्ष्य (MISSION)

1. अपनी अन्तर्दृष्टि को मूर्त रूप में साकार करने के लिए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नई टिहरी, संवैधानिक मूल्यों तथा समाज के प्रगतिशील मूल्यों, और पारंपरिक ज्ञान और नियमों का परिपालन करते हुए युवा छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा की विभिन्न विधाओं में प्रभावी ज्ञान एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।
2. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं के बहुमुखी विकास यथा–अनुशासन, क्रीड़ा, सांस्कृतिक, गतिविधियों, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिकता आदि के विकास के लिए प्रयासरत है।
3. स्वरोजगार हेतु व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किये जाने हेतु प्रयास किया जा रहा है।
4. शोध हेतु उच्चस्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराना, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में समसामयिक विषयों पर चर्चा–परिचर्चा कराना कार्य योजना का अंग है।
5. तकनीकी सुविधाओं के माध्यम से शिक्षा दिये जाने हेतु महाविद्यालय प्रतिबद्ध है क्योंकि तकनीकी युग में अध्यापन का परम्परागत स्वरूप अपेक्षाकृत कम प्रभावी है।